प्रेसनोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 09.09.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

1-घर में घुसकर इनवर्टर व बैट्रा चोरी करने का 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-

अवगत कराना है दिनांक 25.08.2023 को वादी सुरेश सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी ग्राम धनुपरा तुरखेड़ा थाना बिलारी,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के मकान मालिक के घर से इनवर्टर व बैट्रा चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-347/2023 धारा-380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 09.08.2023 को उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त लव कुश पुत्र सिपाही लाल निवासी ग्राम धनुपरा तुरखेड़ा थाना बिलारी, मुरादाबाद को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया इनवर्टर व बैटरा AMARON कम्पनी बरामद किया गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भादवि की वृद्धि की गयी।

2-अवैध देशी शराब के 22 पव्वों सहित तस्कर गिरफ्तार,थाना बिलारीः-

अवगत कराना है दिनांक 08.09.2023 की रात्रि को उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी प्रशान्त उर्फ मिंटू पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम चांदपुर गणेश थाना बिलारी, मुरादाबाद को 22 पव्वे देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-372/2023 धारा-60 आबकारी एक्ट पंजीकृत किया गया।

3-जुआ खेलते हुए 02 आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-

अवगत कराना है दिनांक 09.09.2023 को का0 सचिन कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस के आरोपीगण 1.जहीर पुत्र इबले हसन 2. सद्दू पुत्र सलामत खां निवासीगण कस्बा व थाना बिलारी, मुरादाबाद को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर मौके से 700/-रूपये तथा 52 ताश के पत्ते बरामद किये गये। इस सम्बन्ध में थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 373/2023 धारा- 13 जी एक्ट पंजीकृत किया गया।

4-दुकान से बिजली की मोटर,लोहे की डाईया व स्टील का सामान चोरी करने के प्रकाश में आये 04 आरोपी गिरफ्तार,थाना कोतवाली नगरः-

अवगत कराना है दिनांक 08.09.2023 को वादी श्री नवीन कुमार पुत्र स्व0 डा0 सुरेश चन्द्र सक्सैना नि0 आवास विकास कालोनी थाना सिविल लाइन्स, मुरादाबाद ने अज्ञात चोरों द्वारा वादी की दुकान/कारखाने से मोटर,लोहे की डाईया,स्टील का सामान चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0-167/2023 धारा-380 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्यो के आधार पर दिनांक 08.09.2023 की रात्रि को उ0नि0 श्री कृष्णपाल थाना कोतवाली नगर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये 04 अभियुक्तगण 1. रहमद उर्फ चटई पुत्र फकीर मौहम्मद 2. शुमजान शेख उर्फ भूडी पुत्र हारून शेख 3. समीर उर्फ लगडा पुत्र सालुम शेख निवासीगण असालतपुरा गुलशन नगर थाना गलशहीद, मुरादाबाद 4. कासिम पुत्र मौ0 इदरीश निवासी इस्माइल रोड असालतपुरा मस्जिद हबीबिया के सामने थाना गलशहीद, मुरादाबाद को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की स्टील की 08 पत्तिया,16 लोहे की डाई व एक बिजली की मोटर बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411/413 भादवि की वृद्धि की गयी।